
**बृहस्पतिवार**
18 जुलाई 2024



पृष्ठ 4
**कपड़ों में लगी इंक छुड़ाने में छूट रहे...**



पृष्ठ 5
**जाह्नवी कपूर की फिल्म उलझ की...**



● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 163
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

हजार योद्धाओं पर विजय पाना आसान है, लेकिन जो अपने ऊपर विजय पाता है वही सच्चा विजयी है।

– गौतम बुद्ध

# दिल्ली के 3 चेन लुटेरे सरगना सहित उत्तराखण्ड में गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार में हुई दो चेन स्नैचिंग की वारदातों का खुलासा करते हुए पुलिस ने दिल्ली के तीन शातिर चेन लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से लूटी गयी चेने, घटना में प्रयुक्त स्पोर्टस बाइक, चाकू व मास्टर की बरामद की गयी है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों पर दिल्ली में 80 से अधिक मुकदमें दर्ज है जो दिल्ली पुलिस की रडार पर आने के बाद हरिद्वार आये थे जिन्होने यहां चेन लूट की दो वारदातों को अंजाम दिया था।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने बताया कि बीती 15 जुलाई को कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र में बाइक सवार लुटेरों द्वारा एक महिला से चेन लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। बताया कि इसी दिन थाना कनखल क्षेत्र में भी एक अन्य महिला के साथ चेन लूट की घटना हुई थी। दिन दहाड़े हुई इन चेन लूट की घटनाओ का खुलासा करने के लिए पुलिस की टीमों का गठन किया गया। घटना स्थलों पर लगे सीसी कैमरे चैक किये गये तो दोनों घटनाओं को एक ही शातिर गिरोह द्वारा अंजाम देना प्रकाश में आया। जिस पर पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद इन चेन लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले दिल्ली में सक्रिय गैंग के सरगना प्रतीक झा उर्फ

**❑लूटी गयी चेन, दो स्पोर्टस बाइक, चाकू व मास्टर की बरामद, आरोपियों पर है 80 से अधिक मुकदमें दर्ज**

लव सहित तीन बदमाशों को घटना में प्रयुक्त 2 स्पोर्ट्स बाइक, लूटी गई चेन, चाकू व मास्टर की के साथ गिरफ्तार किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस गैंग का सरगना प्रतीक झा उर्फ लव व इसके अन्य दो साथी गरीब परिवारों से हैं बचपन से ही नशे के आदि होने के कारण गिरोह के तीनों सदस्य जरायम के धंधे मे कूद पड़े इनके खिलाफ दल्ली के विभिन्न थानों पर दर्जनो स्नैचिंग व चोरी के मुकदमें दर्ज है। पूछताछ में आरोपियों द्वारा बताया गया कि हम तीनो दिल्ली में पुलिस की नजरों में आने के कारण वहां से स्पोर्ट्स बाईक चोरी कर हरिद्वार आये तथा यहां पर इन्ही चोरी की बाइको से 15 जुलाई को दो चेन लूट की घटनाओं को अंजाम दिया ▶▶ शेष पृष्ठ 7 पर

# कार खाई में गिरी एक ही परिवार के 2 लोगों की मौत, 3 घायल

हमारे संवाददाता

रूद्रप्रयाग। सड़क दुर्घटना में आज सुबह कार के खाई में गिर जाने से जहां एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गयी वहीं तीन लोग गम्भीर घायल हुए है। सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ की टीमो ने मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू अभियान चलाया और मृतकों व घायलो को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। जहां घायलों का उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार अगस्त्यमुनि विकास खण्ड के चोपड़ा डुंगरी मोटर मार्ग पर आज सुबह 6.30 बजे एक आल्टो कार 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी, बताया जा रहा हैं कार में एक ही परिवार के 5 लोग सवार थे जिनमें से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि 3 लोग घायल हुए है। सूचना मलने पर पुलिस व एसडीआरएफ की टीमों



ने मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू अभियान चलाया और मृतकों का शव कब्जे में लेकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चोपड़ा में प्रथम उपचार के बाद जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उनका उपचार जारी है। घायल के नाम जीतपाल (50) पुत्र बुद्धि लाल, बुदि लाल (70) पुत्र हीरु लाल, देवेश्वरी देवी (45) पत्नी जीतपाल व पुजा (27)पुत्री जीतपाल बताये जा रहे है। वहीं मृतकों में कलपेश्वरी (58) पत्नी बुद्धि लाल व आरती (24)पुत्री जीतपाल शामिल है। यह सभी लोग ग्राम डुगरी के निवासी है।

## पुलिस ने ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मां को लिया हिरासत में

पुणे । ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को पुणे ग्रामीण पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उन्हें रायगढ़ के पास महाड से हिरासत में लिया गया है, जहां वह एक होटल में रुकी हुई थीं। दरअसल, विवादित अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक जमीनी विवाद को लेकर वो हाथ में बंदूक लिए





कुछ लोगों को धमका रही थीं। ये वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मनोरमा और उनके पति दिलीप खेडकर समेत सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। मां के अलावा पूजा खेडकर के रिटायर्ड पिता दिलीप खेडकर के खिलाफ के खिलाफ भी एंटी करप्शन ब्यूरो को सबूत मिले हैं कि उन्होंने अपनी सेवा के दौरान आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मनोरमा का फोन बंद था। वह जांच में भी सहयोग नहीं कर रही थीं।

## सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में 4 मेडिकल स्टूडेंट्स को गिरफ्तार किया

पटना। नीट पेपर लीक मामले में बीते दिनों बड़ी सफलता मिली थी। दरअसल पेपर लीक मामले की जांच कर रही सीबीआई ने राकेश रंजन उर्फ रॉकी को गिरफ्तार कर लिया है। रॉकी की गिरफ्तारी के बाद उसे पटना की अदालत में पेश किया गया, जिसर कोर्ट ने रॉकी को 10 दिन की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया।

बता दें कि रॉकी नवादा जिले का रहने वाला है। वह पिछले कुछ सालों से रांची में रहकर रेस्टोरेंट चलाने का काम करता है। सूत्रों के मुताबिक, नीट परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद रॉकी ने उसे सॉल्व कराकर चिंटू के मोबाइल पर




भेजा था। सूत्रों के मुताबिक, नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने कल पटना एम्स के 4 मेडिकल स्टूडेंट्स को भी हिरासत में लिया है। इनमें से 3 थर्ड ईयर के और 1 सेकेंड ईयर का छात्र है। सभी से सीबीआई पूछताछ कर रही है। उनके करमें को भी सीबीआई ने सील कर दिया है। बता दें कि इस घटना की पुष्टि एम्स के डायरेक्टर ने की है। बता दें कि रॉकी को इस पूरी घटना का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो सीबीआई ने रॉकी को पकड़ने के लिए काफी एडवांस तकनीकों का इस्तेमाल किया। राकेश रंजन उर्फ रॉकी की तलाश पटना, कलकत्ता और पटना के आसपास के दो और ठिकानों पर की जा रही थी। इस दौरान राकेश अपनी पत्नी के मेल आईडी से मेल करता था। उसी आईपी एड्रेस को ट्रेस करते हुए सीबीआई उस तक पहुंची और रॉकी को गिरफ्तार कर लिया। रॉकी संजीव मुखिया का रिश्तेदार बताया जा रहा है। शक है कि पेपर लीक मामले में इसकी अहम भूमिका है। रॉकी को आउटर पटना के इलाके से गिरफ्तार किया गया है।

दून वैली मेल

संपादकीय

# डैमेज कंट्रोल में जुटी भाजपा

लोकसभा चुनाव के बाद सात राज्यों की 13 विधानसभा चुनावों के जो नतीजे आए हैं उन नतीजों के बाद भाजपा के अंदर सुलग रही आग को जिस तरह से हवा मिली है उससे पार्टी का शीर्ष नेतृत्व इस कदर असहज हो गया है कि अब अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं को साधना उसके लिए सबसे बड़ी चुनौती हो गया है। खुले मंचों से पार्टी के नेताओं द्वारा कही गयी वह तमाम बातें ही हार की प्रमुख वजह रही है तथा इसके लिए जिम्मेदार नेताओं पर सीधा निशाना साधा जाना अब भाजपा जैसी अनुशासित पार्टी के लिए गंभीर समस्या हो गया है। बात चाहे उत्तर प्रदेश की हो जहां मुख्यमंत्री योगी और उपमुख्यमंत्री मौर्य आमने-सामने है या फिर महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल तथा उत्तराखंड की। हर जगह विरोध की चिंगारियां दिखाई दे रही है। पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता शुवेंदु ने यहां तक कह डाला है कि अब भाजपा को सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास की नीति पर काम नहीं करना चाहिए। उनका कहना है कि जो हमारे साथ हम उसके साथ की नीति पर काम करना चाहिए। वही यूपी के केशव मौर्य सरकार से बड़े संगठन में फेरबदल की बात कहकर योगी को निशाने पर ले रहे हैं। हार के लिए वह संगठन की उपेक्षा को जिम्मेदार ठहराते हुए सरकार को प्राथमिकता दिए जाने को गलत बता रहे हैं। भाजपा बीते समय में दूसरे दलों से नेताओं को तोड़ लाने उन्हें अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं से अधिक महत्व दिए जाने को भाजपा की वर्तमान हालात के लिए जिम्मेदार मानते हैं। खास बात यह है कि भाजपा के यह नेता अब मोदी और शाह के साथ-साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्षों को भी जिम्मेदार ठहराने से नहीं चूक रहे हैं। सवाल यह है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व जो अब इस आंतरिक विरोध को दबाने का प्रयास कर रहा है उसमें वह कामयाब हो पाएगा? प्रधानमंत्री मोदी आज यूपी के कार्यकर्ताओं से मिलने वाले हैं। यूपी में जल्द ही खाली पड़ी 10 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव होने हैं वही तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव भी सर पर हैं अगर भाजपा अपने आंतरिक विरोध को समय रहते नहीं रोक पाई तो इन चुनावों में उसकी हार का मतलब क्या होगा इसे भाजपा के नेता भी अच्छी तरह से जानते हैं। भाजपा के खिलाफ खड़ी हो चुकी देश की जनता को साधने और पार्टी के खिलाफ विद्रोह की सीमा रेखा पर खड़े कार्यकर्ताओं को मनाने व समझाने की जो दोहरी चुनौती शीर्ष नेतृत्व के सामने खड़ी है उससे अब निपट पाना आसान काम नहीं रह गया है। सरकार के सामने खड़े विपक्ष ने उसे पहले ही बैक फुट पर धकेल दिया है और सरकार की हालत यह है कि वह अब आने वाले बजट में युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए कुछ लोक लुभावन फैसला करने जा रही है वहीं राज्यों की सरकार जहां चुनाव होने हैं वह भी अग्नि वीरों व बेरोजगारों के कल्याण की योजनाएं ला रही है। हरियाणा सरकार ने अग्नि वीरो का 10 फीसदी आरक्षण देने की घोषणा कर दी है वही महाराष्ट्र सरकार 12वीं पास कर चुके उन युवाओं को जो नौकरी की तलाश कर रहे हैं 6 हजार रूपये प्रति माह देने की घोषणा कर दी है। यह सब जो कुछ भी हो रहा है मजबूत विपक्ष के दबाव व संभावित हार के डर के कारण ही हो रहा है। लेकिन इस सब के बाद भी भाजपा अपनी कमजोर होती स्थिति से अपना बचाव कर पाएगी यह आने वाला समय ही बताएगा।

# 'पौधों का संरक्षण नवजात पुत्र-पुत्री के पालन-पोषण के समान'

देहरादून (कासं)। पौधों का संरक्षण नवजात पुत्र पुत्री के पालन-पोषण के समान है इसमे मातृत्व की अनुभूति लिए महिलाओं की जिम्मेदारी अधिक महत्वपूर्ण है। ये विचार धाद द्वारा हरेला में 500 पौधों को वृक्ष बनाने के अभियान के अंतर्गत दून के जनकपुरी मे पर्यावरणप्रेमी महिलाओ ने व्यक्त किये। यहां पर आंवला, नीम, कचनार, अमरुद, गुलमोहर के पौधों का रोपण किया गया। इनके वृक्ष बनने तक संरक्षण की



जिम्मेदारी स्थानीय महिलाओं ने ली, जिनमे डॉक्टर सुधा गुप्ता,अंजु अग्रवाल, आशा डोभाल, कार्तिक गोयल, पल्लवी शर्मा, पूनम सिंह, किरन चौधरी, सुनीता सिंह, विनीता कोठियाल, स्नेहा सिंह, बिन्दु गोयल, पूजा अग्रवाल, कृष्णा सिंह, सुनिधि अग्रवाल सहित स्थानीय महिलाएं शामिल थी।

इस अवसर पर धाद के तन्मय ममगाई, हिमांशु, वीरेंद्र खंडूरी, विकास मित्तल, साकेत रावत, गणेश उनियाल आदि थे। संयुक्त नागरिक संगठन के सुशील त्यागी तथा चौधरी ओमवीर सिंह तथा शान्ती प्रसाद डोभाल ने भी वृक्षारोपण मे भाग लेकर दून को कंक्रीटीकरण की जगह हरा-भरा बनाने का संकल्प व्यक्त करते हुए सहभागिता को अभिव्यक्त किया।

# फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के सदस्यों का हुआ जोरदार स्वागत

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस भवन में पहुंचे फैक्ट फाईडिंग कमेटी के सदस्यों का जोरदार स्वागत किया गया।

आज यहां कांग्रेस भवन कांग्रेस सेवादल प्रदेश प्रवक्ता अशोक मल्होत्रा द्वारा प्रेस विज्ञप्ति की जानकारी देते हुए प्रात: 11 बजे फैक्ट फाईडिंग कमेटी के सदस्य पूर्व सांसद पीएल पुनिया कांग्रेस भवन में प्रदेश अध्यक्ष और प्रतिपक्ष नेता यशपाल आर्य के साथ पहुंचे और गर्मजोशी के साथ कांग्रेस सेवा दल ने पीएल पुनिया का स्वागत किया।

हेमा पुरोहित ने और मनमोहन शर्मा और सामूहिक रूप से सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने सेवादल टोपी पहनकर स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस




सेवादल प्रदेश प्रवक्ता अशोक मल्होत्रा, मनमोहन शर्मा हेमा पुरोहित, सावित्री थापा ,शीला श्रीवास्तव गुलाब, सोमपाल, रेनू चुनारा, राजेश नौटियाल, ईदू यादव, योगिता बिष्ट, इरशाद अली, फारूक, गुलाब धीमान, रिजवाना, संतोष, मंजू चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# शराब के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने बस अडडे के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध



अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ।

पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 30 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम विनोद पुत्र सरला प्रसाद निवासी भैरव कालोनी बताया। वहीं ऋषिकेश पुलिस ने श्मशान घाट के पास से एक युवक को 84 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम संदीप उर्फ मच्छर पुत्र लाल बहादुर निवासी हनुमान मंदिर प्लाट चंद्रेश्वर नगर बताया।

# चिकित्सा चयन आयोग द्वारा जारी कलेण्डर से नर्सिंग सेवा संघ संतुष्ट नहीं

संवाददाता

देहरादून। नर्सिंग सेवा संघ के संरक्षक विजय चौहान ने कहा कि चिकित्सा चयन आयोग द्वारा अभिलेख सत्यापन कलेण्डर से नर्सिंग सेवा संघ संतुष्ट नहीं है।

आज यहां परेड ग्राउंड स्थित एक क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए चौहान ने कहा कि उत्तराखण्ड चिकित्सा चयन आयोग द्वारा 25 जून को अभिलेख सत्यापन कलेण्डर जारी किया गया है जिसमें 1455 नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती वर्षवार



ज्येष्ठता क्रम में होनी चाहिए है जिसमें अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया 9 जुलाई से प्रारम्भ हो चुकी है। प्रदेश के समस्त बेरोजगार नर्सिंग अधिकारी इस कलेण्डर से संतुष्ट नहीं है। क्योंकि इसमें उन्हीं लोगों ने दुबारा आवेदन कर दिया है जिन्होंने पिछले वर्ष स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत 1564 पदों पर हुए चयन के बाद स्वास्थ्य विभाग में नियुक्ति पा चुके हैं। उन्होंने कहा कि चयन आयोग द्वारा दोबारा से चयन के लिए इन्हीं लोगों को दुबारा से बुलाया गया है जिसमें बेरोगार नर्सिंग अधिकारियों के सामने बेरोजगारी का संकट आ गया है इसमें भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि जिन अभ्यार्थियों ने स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग अधिकारियों के पद पर नियुक्ति ले ली है उनको एनओसी न दी जाये और उन्हें चयन प्रक्रिया से बाहर करके अन्य जूनियर नर्सिंग अधिकारियों को मौका दिया जाये। उन्होंने कहा कि इस भर्ती में बाहरी राज्य के अभ्यार्थियों द्वारा फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर बडी संख्या में जो आवेदन किया गया है उसकी जांच हो और इन लोगों को चयन प्रक्रिया से बाहर किया जाये। प्रेसवार्ता मे लीला चौहान, नवल पुण्डीर, सुशील भटट, अनिता, अंजुम, सुशील, राजपाल आदि उपस्थित रहे।

# श्री धोलेश्वर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के बाद वृक्षारोपण किया

संवाददाता

देहरादून। भगवान श्री धोलेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के बाद वृक्षारोपण किया गया।

आज भगवान श्री धोलेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के बाद श्री धोलेश्वर महादेव के संस्थापक आचार्य डा. बिपिन जोशी के पावन सानिध्य में विशेष पूजा अर्चना की गई। भोलेनाथ का औषधिय पौधों से श्रृंगार किया गया, और मंदिर परिसर में डा. जोशी ने जामुन और हरड़ के पौधे लगाए, जोशी ने सभी धर्मगुरुओं, सामाजिक संस्थाओं और शिवभक्तों से आग्रह किया है अधिक से अधिक संख्या में पेड़ पौधों का रोपण कर उनके सरंक्षण पर ज्यादा ध्यान दिया जाए। उन्होंने कम से कम 5 पेड़ गोद लेने का आग्रह किया है, चाहे पेड़ किसी



ने भी लगाए हों। आज हरड, बेहड़ा, जामुन, कचनार, नींबू, हरसिंगार चिनार आदि औषधिय पौधों के साथ-साथ पुष्प प्रजाति के पौधों का रोपण भी किया गया। पौधारोपण चाय बागान आर्केडिया के श्रमिकों द्वारा नि:शुल्क सेवा भावना से किया गया। आज के कार्यक्रम में पौधों की सेवा आगाज फैडरेशन के संस्थापक जे पी मैठानी द्वारा किया गया। चाय बागान के एम. डी. राहुल उपाध्याय, जितेंद्र मलिक, ऋषिपाल, राजपाल, सुनील, निर्मला, शांति, श्याम कला, सरस्वती, तारा, विमला, कमलेश, पुरनदेई आदि का विशेष सहयोग रहा।

# सोशल मीडिया पर ट्रेंड के पीछे भागने से ज्यादा प्रामाणिकता को दें महत्व: रश्मि गुप्ता

गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा की एक्ट्रेस रश्मि गुप्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उन्होंने ट्रेंड के पीछे भागने से ज्यादा प्रामाणिकता के महत्व पर जोर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया को एक्सपोजर और कनेक्शन के लिए जरूरी टूल बताया। फिलहाल रश्मि गुप्ता ध्रुव तारा- समय सदी से परे में चंद्रा की भूमिका निभा रहीं हैं। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया एक्सपोजर और कनेक्शन के लिए जरूरी टूल के रूप में काम करता है, फिर भी मैं ट्रेंड और मेट्रिक्स के पीछे भागने से ज्यादा प्रामाणिकता को प्राथमिकता देती हूं। एक्ट्रेस ने कहा कि यह प्लेटफॉर्म दोधारी तलवार की तरह है।



उन्होंने कहा, सोशल मीडिया ने मेरे काम के लिए नेटवर्किंग और विजिबिलिटी की सुविधा दी है। सहयोग करने और बड़ी संख्या में दर्शकों तक पहुंचने में मेरी मदद की है।

रश्मि ने बताया कि सोशल मीडिया अभिशाप और वरदान दोनों है। यह लोगों को अपना टैलेंट दिखाने के लिए एक प्लेटफॉर्म प्रदान करता है, यह व्यूज और फॉलोअर्स के लिए लिमिट्स को पार करने का कारण भी बन सकता है। एक्ट्रेस का मानना है कि वास्तविक जुडाव संख्या से कहीं ज्यादा मायने रखता है।

उन्होंने कहा, सोशल मीडिया पर दूसरों की पॉपुलैरिटी से खुद की तुलना करने के बजाय मैं अपने सफर पर ध्यान देती हूं और मेरा मानना है कि वास्तविक जुड़ाव संख्याओं से कहीं ज्यादा मायने रखता है। रश्मि ने आगे कहा, घटना-बढ़ना जैसे एल्गोरिदम निराशाजनक हो सकते हैं, लेकिन मैं व्यू काउंट की तुलना में मीनिंगफुल कंटेंट को प्राथमिकता देती हूं।

एक एक्टर के तौर पर, वह कास्टिंग में सोशल मीडिया की अहमियत को पहचानती हैं। उनका मानना है कि कास्टिंग टैलेंट के दम पर होना चाहिए।

ध्रुव तारा-समय सदी से परे में ध्रुव के किरदार में ईशान धवन और तारा के रोल में रिया शर्मा हैं। शो के नए एपिसोड में ध्रुव और तारा के बिल्कुल अलग अवतार दिखाई देंगे।

शशि सुमीत प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, ध्रुव तारा-समय सदी से परे सोनी सब पर प्रसारित होता है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, रश्मि ने तिरुपति बालाजी कथासार सीरीज में देवी पार्वती की भूमिका निभाई। वह गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा और साथ निभाना साथिया 2 में भी नजर आ चुकी हैं।

# रब से है दुआ में आइस स्लैब सीक्रेंस की शूटिंग के लिए लगाना पड़ा सरसों का तेल: येशा रुघानी

एक्ट्रेस येशा रूघानी ने शो रब से है दुआ में आइस स्लैब सीक्रेंस शूटिंग के अपने रोमांचक एक्सपीरियंस को शेयर किया और बताया कि सीन की शूटिंग के बाद हॉट वाटर बैग की जरूरत पड़ती थी।

हाल के एपिसोड में, दर्शकों ने मन्नत (सीरत कपूर) और फरहान (आरव मल्होत्रा) को इबादत (येशा) को प्रताड़ित करते हुए देखा, ताकि वह मन्नत की फरहान के साथ भागने के प्लान के बारे में किसी को भी न बता सके। वह इबादत को किडनैप कर लेते हैं। उसे गले में रस्सी बांधकर बर्फ की स्लैब पर लटका दिया जाता है।

इस स्पेशल सीक्रेंस की शूटिंग येशा और टीम के लिए एक चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि एक्टर की सुरक्षा को ध्यान में रखना सबकी प्राथमिकता थी।

येशा ने कहा, बर्फ की स्लैब पर शूटिंग करना कुछ ऐसा है जो मैंने पहले कभी नहीं किया। यह मेरे लिए बहुत रोमांचक एक्सपीरियंस था। मेरी टीम ने पूरे समय काफी मेहनत की। जब मैंने शुरुआती कुछ शॉट्स के लिए बर्फ की स्लैब पर कदम रखा, तो मुझे लगा, हे भगवान, मैं जम रही हूं क्योंकि कुछ ही मिनटों में मेरे पैर सुन्न होने लगे थे।

उन्होंने कहा, यही नहीं, इस सीन में मेरे हाथ भी बंधे हुए थे, जिसकी वजह से यह और भी ज्यादा मुश्किल हो रहा था। जब आप बर्फ की एक सिल्ली पर खड़े होते हैं, तो आपके शरीर का तापमान बदल जाता है और आपके पैर सुन्न हो जाते हैं। यह देखने के लिए कि इसका असर हमारी सेहत पर न पड़े, हमें सरसों का तेल लगाने के लिए कहा गया, हमने वह भी किया।

येशा ने आगे कहा, सीक्रेंस की शूटिंग के बाद, मैं हॉट वॉटर बैग लेकर बैठती थी। हमारे डायरेक्टर राज, यूसुफ सर के साथ हर समय अलर्ट थे, जिन्होंने हर चीज की निगरानी की और सुनिश्चित किया कि हम ठीक हैं। हम इस सीन को पूरा करने में सफल रहे। उम्मीद है कि दर्शकों को यह रोमांचक सीक्रेंस पसंद आएगा। रब से है दुआ हर दिन रात 10.30 बजे जी टीवी पर प्रसारित होता है।( आरएनएस)

# उपविष्ठ कोणासनः जानिए इस योगासन के अभ्यास का तरीका



उपविष्ठ कोणासन को हठ योग का मध्यम कठिनाई वाला योगासन माना जाता है। योग विशेषज्ञों की मानें तो यह योगासन स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक आसनों में से एक है। अगर आप रोजाना सिर्फ 30 से 60 सेकेंड तक इसका अभ्यास करते हैं तो इससे आपको कई तरह के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। आइए आज हम आपको उपविष्ठ कोणासन के अभ्यास का तरीका, इसके फायदे और इससे जुड़ी अन्य कुछ महत्वपूर्ण बातें बताते हैं।

अभ्यास: सबसे पहले योगा मैट पर दंडासन की मुद्रा में बैठकर अपने दोनों पैरों को अच्छे से फैला लें। अब लंबी सांस भरते हुए धीरे-धीरे आगे की तरफ झुकें और फिर अपनी ठुड्डी को जमीन से सटा लें। इसके बाद सांस छोड़ते हुए अपने हाथों से पैरों के तलवों का मध्यम भाग पकड़ने की कोशिश करें। इस मुद्रा में सामान्य रूप से सांस लेते रहें और फिर कुछ सेकेंड के बाद धीरे-धीरे आसन छोड़ते हुए सामान्य हो जाएं।

सावधानियां: इस आसन का अभ्यास थोड़ा कठिन है, इसलिए इसके हर स्टेप की तरफ धीरे-धीरे बढ़ें। पीठ के निचले हिस्से में दर्द होने पर यह आसन न करें। इस आसन के अभ्यास के दौरान पैरों को उतना ही फैलाएं, जितना आप आसानी से फैला सकें क्योंकि शारीरिक क्षमता से अधिक बल डालने के कारण पैरों में दर्द हो सकता है। हाथों में दर्द, कोहनी में चोट और कंधे में कोई समस्या होने पर इस आसन का अभ्यास करने से बचें।

फायदे : यह आसन पीठ, पैरों और हाथों की मांसपेशियों को मजबूती देता है। इससे पेट के अंदरूनी तंत्र को भी मजबूती मिलती है। यह आसन शरीर में जमी हुई अतिरिक्त चर्बी को कम करने में भी मदद करता है। यह रीढ़ की हड्डी को मजबूत और लचीला भी बनाता है। इससे फेफड़ों की कार्यक्षमता में सुधार होता है। इस आसन का किडनी पर भी सकारात्मक असर पड़ता है। इस आसन से दिमाग शांत रहता है।

टिप्स: उपविष्ठ कोणासन दिखने में जितना आसान लगता है, उतना है नहीं। शुरुआत में इसका अभ्यास करते समय असुविधा महसूस हो सकती है, इसलिए इसका अभ्यास योग विशेषज्ञ की निगरानी में ही करें तो बेहतर होगा। अगर इस आसन का अभ्यास करने के दौरान असुविधा या दर्द महसूस हो तो तुरंत आसन छोड़ दें। इस आसन का अभ्यास हमेशा खाली पेट करना चाहिए और इसके अभ्यास के दौरान ज्यादा कसे कपड़े नहीं पहनने चाहिए।

# घरेलू टिप्स, पाएं खूबसूरत बैक



डीप बैक कट के कपडे आजकल फिर से फैशन में वापस आ गए हैं। आप देख सकते हैं कि कई सेलेब्रिटीज भी डीप कट के गाउन पहने नजर आ जाती हैं। उनकी साफ और दाग- धब्बे रहित पीठ देख कर आप भी उनकी तरह पीठ होने की चाह रखती होगी। यदि आपकी पीठ पर एक्ने, रैश या धब्बे पडे हैं तो आपको उनकी चिंता अभी से ही करनी शुरू कर देनी चाहिये। तो आइए जानते हैं यह टिप्स जिनसे आप अपनी बैक को साफ और सुंदर बना सकती हैं। स्क्रब त्वचा को गंदगी और डेड स्कीन से मुक्ती दिलाने के लिये स्क्रब करना बहुत जरूरी है। आप चाहें तो लूफा का प्रयोग कर सकते हैं, इससे ब्लड सर्कुलेशन भी बढ़ता है।

डार्क स्पॉट को छुपाए्र यदि आपकी पीठ पर दाग धब्बे पडे हुए हैं तो उसको छुपाने के लिये कंसीलर का प्रयोग करें। इसके लिये आपको मेडिकेटेड कंसीलर का प्रयोग करना चाहिये जिससे पिंपल छुप भी जाए और उसी समय वह ठीक भी हो जाए।

तेल मसाज हर दूसरे दिन आपको अपने पीठ की मसाज करनी चाहिये। सुगंधित तेल जैसे, बादाम, जैतून या लेवेंडर का प्रयोग करें। इन तलों से अपनी पीठ को नमी भी पहुंचा सकते हैं और चमकदार भी बना सकते हैं। तेल मसाज्र हर दूसरे दिन आपको अपने पीठ की मसाज करनी चाहिये। सुगंधित तेल जैसे, बादाम, जैतून या लेवेंडर का प्रयोग करें। इन तलों से अपनी पीठ को नमी भी पहुंचा सकते हैं और चमकदार भी बना सकते हैं।

# हफ्ते में दो बार कच्ची लहसुन का सेवन बचाएगा कैंसर से



आज कल लोगों में फेफड़ों का कैंसर होने का खतरा काफी बढ़ता जा रहा है। अगर इसका पता बहुत देर से चले तो इंसान को बचा पाना काफी मुश्लिक हो जाता है।

स्टडी से पता चला है कि अधिकतर लोगों में फेफड़ों का कैंसर स्मोकिंग से फैलता है। पर कई केसो में जो लोग स्मोकिंग नहीं करते हैं उन्हें भी इस प्रकार का कैंसर होने के चांस रहते हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि जो लोग लहसुन खाते हैं उन्हें इस रोग के विकास की संभावना 44 प्रतिशत कम होती है। सप्ताह में केवल दो बार लहसुन खा लेने से फेफड़ों का कैंसर नहीं होता। इसे हमेशा कच्चा खाना चाहिये।

अगर स्मोकिंग करने वाले लहसुन खाएं तो वे 80 प्रतिशत तक इस बीमारी से बच सकते हैं। इसके अलावा लहसुन उन्हें भी खाने की सलाह दी जाती है जिनकी फैमिली हिस्ट्री में यह कैंसर पहले से ही मौजूद है। लहसुन के ये गुण उसमें पाए जानेवाले पदार्थ एल्लीसिन से जुड़े हुए हैं। यह पदार्थ तब निकलता है जब लहसुन पीसा जाता है। नमकवाले पानी में रखा गया या उबला लहसुन शरीर में शोथ (इन्फ्लेमेशन) होने पर मदद करता है, क्योंकि वह एंटी-ऑक्सिडेंट का काम करता है।

सलाह दी जाती है कि लहसुन को रोजाना खाली पेट या फिर रात को डिनर करने के बाद कच्चा खाना चाहिये। इसे खाने के बाद पानी का सेवन कुछ देर के लिये ना करें। हालांकि कच्ची लहसुन को चबा चबा कर खाना थोड़ा मुश्किल है, इसलिये आप साबुत लहसुन की कली को थोड़े से पानी के साथ निगल सकते हैं।

# जूनियर एनटीआर की आगामी फिल्म देवरा की डबिंग हुई शुरू

देवरा इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। जूनियर एनटीआर की इस फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस एक्शन ड्रामा फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर भी नजर आने वाली हैं। फिल्म को लेकर अभिनेता के फैंस में जबर्दस्त उत्साह है और वो फिल्म से जुड़े हर बड़े-छोटे अपडेट्स पर निगाहें गड़ाए बैठे हैं। इस फिल्म को लेकर लगातार अपडेट आते रहे हैं। एक बार फिर फिल्म से जुड़ा बड़ा अपडेट सामने आया है।

इन दिनों जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा- पार्ट 1 पर तेजी से काम चल रहा है। फिल्म की टीम इसे फैंस के सामने लाने के लिए काफी पसीना बहा रही है, ताकि इसे तय तारीख पर रिलीज किया जा सके। अब इस फिल्म की डबिंग को लेकर एक नया अपडेट आया है, जिसमें इससे संबंधित नई जानकारियां सामने आई हैं। फिल्म में सहायक भूमिका निभाने वाली हिमाजा ने फिल्म के लिए अपने डबिंग सेशन की एक तस्वीर पोस्ट की है। इससे जाहिर है कि फिल्म की डबिंग का काम शुरू हो गया है और साथ ही साध फिल्म की शूटिंग भी तेज गति से आगे बढ़ रही है।

देवरा- पार्ट 1 को मशहूर निर्देशक कोर्टला शिवा निर्देशित कर रहे हैं। इस फिल्म को कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। फिल्म की रिलीज डेट 27 सितंबर, 2024 रखी गई है। फिल्म को तय समय पर रिलीज करने के लिए पूरी टीम जोर शोर से इसे पूरा करने में लगी हुई है। इस बीच फिल्म को लेकर एक और अफवाह तेजी से फैल रही है कि फिल्म के निर्माता जल्द ही एक रोमांटिक गाना भी रिलीज कर सकते हैं। हालांकि, इसकी कोई भी आधिकारिक घोषणा अब तक नहीं हुई है।

बताते चलें कि कोर्टला शिवा द्वारा निर्देशित देवरा में जूनियर एनटीआर काफी खतरनाक अवतार में नजर आएंगे। शिवा की यह जनता गराज के बाद दूसरी फिल्म है। गौरतलब है कि जनता गराज में भी एनटीआर ने काम किया था। अब देवरा में भी वह खतरनाक एक्शन करते नजर आएंगे। इस फिल्म से बॉलीवुड कलाकार सैफ अली खान और जान्हवी कपूर तेलुगु डेब्यू करने वाले हैं। फिल्म की कहानी समुद्र के रास्ते में होने वाली तस्करी पर आधारित हो सकती है। फिल्म युवसुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा समर्थित है।

# नाथ कृष्ण और गौरी की कहानी में नेगेटिव रोल निभाएंगी सत्यमवदा सिंह

टीवी एक्ट्रेस सत्यमवदा सिंह नाथ कृष्ण और गौरी की कहानी शो में नेगेटिव रोल में नजर आएंगी। वह जीनत का किरदार निभाएंगी। एक्ट्रेस चांद जलने लगा सीरियल की भूमिका के लिए घर-घर में जानी जाती हैं।

सत्यमवदा ने कहा, मैं जीनत का किरदार निभाने के लिए एक्साइटेड हूं। वह मजाकिया, खूबसूरत और मनमौजी लडकी है। यह कॉमिक टाइमिंग वाला एक नेगेटिव रोल है। मैं इस तरह के किरदार का लंबे समय से इंतजार कर रही थी।

एक्ट्रेस ने कहा कि वह इस नए सफर को एक्सप्लोर करने के लिए एक्साइटेड हैं।

सत्यमवदा ने बताया कि वह फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल जैसे किरदारों को निभाना चाहती हैं।

उन्होंने आगे कहा, संजय लीला भंसाली सर की हीरामंडी देखने के बाद, मैंने स्क्रीन पर एक मुस्लिम महिला का किरदार निभाने का मन बनाया। मेरी एक और इच्छा है कि मैं उनके प्रोजेक्ट में लीड रोल निभाऊं।

उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि मुझे टीवी शो में एक मुस्लिम महिला की भूमिका निभाने का मौका मिलेगा। इससे पहले, मैंने गुलजार सर के नाटक में एक मुस्लिम किरदार अदा किया था, इसलिए मुझे यकीन है कि मैं इस नए किरदार को शानदार ढंग से निभा पाऊंगी।

नाथ कृष्ण और गौरी की कहानी में चाहत पांडे, अलीशा पंवार और रेयांश वीर चड्ढा भी हैं। अपकमिंग एपिसोड बलूचिस्तान, पाकिस्तान पर बेस्ड होने के कारण एक नया मोड़ लेने वाला है।

एक्ट्रेस की बात करें तो सत्यमवदा सिंह ने मॉडलिंग के साथ अपने करियर की शुरुआत की। उन्होंने ग्लैडरैग्स मेगा मॉडल, मिस कल्चर वर्ल्ड इंडिया, मिस उत्तर प्रदेश और मिस दिल्ली जैसे ब्यूटी सौंदर्य कॉम्पिटिशन जीते। इसमें मोस्ट फोटोजेनिक खिताब भी शामिल है। उन्होंने 2014 में शो लापतागंज के साथ अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी फिर चिड़िया घर और कृष्ण कन्हैया जैसे अन्य टीवी सीरियल्स में भी अहम भूमिका निभाई थी। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# कपड़ों में लगी इंक छुड़ाने में छूट रहे पसीने, इन तरीकों से कर सकती हैं छुट्टी



कभी बच्चों की स्कूल ड्रेस पर तो कभी पति के कपड़ों पर आपने इंक के निशान तो देखे ही होंगे। अगर कपड़े हल्के रंग के हो तो उनका खराब होना तय है। इंक के इन निशानों को साफ करने में इतनी मशक्कत करनी पड़ती है कि कपड़े फटने को तैयार हो जाते हैं, लेकिन इंक के निशान नहीं जाते। आज हम आपको ऐसे टिप्स बता रहे हैं, जिनकी मदद से इंक के निशान चुटकियों में साफ हो जाएंगे।

**भूलकर भी न करें यह गलती**

कपड़ों पर इंक लगने से उनकी खूबसूरती खत्म हो जाती है। अगर आपके भी किसी कपड़े पर इंक लग गई है तो आपको भूलकर भी इन गलतियों को नहीं करना चाहिए। दरअसल, इंक लगने के बाद महिलाएं अक्सर कपड़े को रगडक़र साफ करने की कोशिश करती हैं या फिर बार-बार साफ करने की कोशिश करती हैं। इससे कपड़ों के फटने का खतरा रहता है। कई बार इंक तो साफ हो जाती है, लेकिन कपड़ा उस जगह से फेड हो जाता है।

**टूथपेस्ट की मदद से साफ कर सकती हैं कपड़ा**

अगर आपके किसी कपड़े पर इंक लग गई है तो टूथपेस्ट की मदद से उसे साफ कर सकती हैं। गौर करने वाली बात यह है कि इस काम के लिए जेल टूथपेस्ट कभी भी इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। दाग को साफ करने के लिए उस जगह पर थोड़ा-सा टूथपेस्ट लगा दीजिए। अब कपड़े को साइड में रखकर टूथपेस्ट सूखने का इंतजार कीजिए। जब टूथपेस्ट पूरी तरह सूख जाए तो कपड़े को डिटर्जेंट से धो दीजिए। यह प्रोसेस दो-तीन बार करने से कपड़ा पूरी तरह साफ हो जाएगा।



**दूध से भी साफ कर सकती हैं दाग**

एनर्जी की जरूरत होती है तो हर कोई दूध पीने की सलाह देता है, लेकिन इंक के दाग भी दूध की मदद से साफ किए जा सकते हैं। आपको बस दाग लगे हिस्से को रातभर के लिए दूध में डुबोकर रखना होगा। इसके बाद कपड़ा धो लीजिए। आप देखेंगी कि इंक का निशान हल्का पड़ जाएगा। यह प्रक्रिया दो-तीन बार अपनाने पर इंक पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

**अल्कोहल भी उड़ा सकता है इंक के होश**

अल्कोहल का नाम लिया जाए तो हर कोई जाम के दरवाजे तक पहुंच जाता है, लेकिन यही अल्कोहल आपके कपड़ों पर लगे इंक के होश उड़ा सकता है। इसके लिए आप एक कॉटन को अल्कोहल में डुबो लीजिए और उसे इंक के दाग पर धीरे-धीरे रगड़ दीजिए। इससे दाग साफ हो जाता है। अगर दाग ज्यादा बड़ा है तो इंक लगे हिस्से को करीब 15 मिनट के लिए अल्कोहल में डुबो दीजिए। इस प्रोसेस से भी दाग एकदम हल्का पड़ जाएगा।(आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -145


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक144 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

# मिर्जापुर 3 में शेरनवाज जिजीना का किरदार ड्रग कार्टेल का है

एक्ट्रेस शेरनवाज जिजीना ने बताया कि इस सुपरहिट क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज मिर्जापुर 3 में उनका किरदार ड्रग कार्टेल का है । एक्ट्रेस सीरीज में शबनम के किरदार में हैं, जो अफीम का कारोबार चलाने वाले लाला (अनिल जॉर्ज) की बेटी हैं। शेरनवाज जिजीना ने कहा, शबनम ने कभी किसी के साथ बुरा बर्ताव नहीं किया, उसने कभी बंदूक नहीं पकड़ी, और वह इस पूरी चीज से दूर है। लेकिन अब अचानक वह ड्रग डील कर रही है और गुड्डू के खिलाफ खड़ी है। यह मजेदार है।



मिर्जापुर में अपनी पहचान बनाने को लेकर एक्ट्रेस ने कहा, मिर्जापुर शो पूरी तरह से गद्दी के ईर्द-गिर्द घूमता है। शो के पुरुष किरदार गुड्डू पंडित और कालीन भैया, शरद और बाकी सभी हैं, जो इस बात पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करते हैं कि गद्दी पर कौन शासन करेगा। हमारे लेखकों और निर्देशकों ने महिलाओं के किरदारों को बहुत खूबसूरती से पेश किया है, क्योंकि महिलाएं सीरीज की जान हैं, वे पुरुषों को गद्दी तक पहुंचने में मदद कर रही हैं।

उन्होंने साझा किया कि चाहें वह श्वेता त्रिपाठी शर्मा का गोलू किरदार हो, बीना बनी रसिका हों या माधुरी की भूमिका में ढली ईशा तलवार हों , सभी ने बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने आगे कहा, महिलाओं को पुरुष प्रधान शो में आगे बढ़ने का मौका मिला। और वो बड़े निखर कर सामने आईं। इसका पूरा श्रेय हमारे लेखकों को जाता हैं, जिन्होंने शानदार काम किया है। उन्होंने आगे बताया कि यह सीजन उनके लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है।

उन्होंने कहा- वह (उनका किरदार) हर सीजन के साथ शो में बड़ी होती गई हैं। इस किरदार की मासूमियत और सरलता को बनाए रखना बेहद जरूरी था। वह शो में एकमात्र ऐसी है जिसे सत्ता या पैसे की लालसा नहीं है। उसे अपने नुकसान का कोई मलाल नहीं है, बल्कि इसके बजाय, वह हर पहलू में दया दिखाती है। इस तरह के किरदार को निभाने के लिए आपको बहुत धैर्य की जरूरत होती है और यह मेरे पास मौजूद शानदार टीम के बिना संभव नहीं होता।

उन्होंने आगे कहा, उसका (शबनम) ग्राफ इतना बदल रहा है, वह अपने पिता के बिजनेस की जिम्मेदारी संभालती है। वह परिवार का बेटा बन जाती है। गुड्डू ने उसे बहुत बड़ा नुकसान पहुंचाया, वह उसके कारण अपने पति को खो देती है, और उसके पिता उसके कारण जेल जाते हैं, फिर भी उसकी प्राथमिकता गुड्डू है। उसकी प्राथमिकता फिर भी मिर्जापुर की गद्दी नहीं है। तीसरे सीजन में, उसके लिए चीजें बदली हैं।(आरएनएस)

# अल्फा में सुपर-एजेंट बन धमाल मचाएंगी आलिया और शरवरी वाघ


बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट आदित्य चोपड़ा की वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड फिल्म एक्ट्रेस हैं। उनके साथ इस फिल्म में इंडस्ट्री की उभरती हुई स्टार और वाईआरएफ की होमग्रोन टैलेंट शरवरी भी शामिल होंगी। दोनों स्पाई यूनिवर्स में सुपर-एजेंट की भूमिका निभाएंगी और ये साफ है कि आदित्य चोपड़ा इन्हें अपने स्पाई यूनिवर्स की अल्फा गर्ल्स बनाने के लिए एकदम तैयार हैं। यशराज फिल्म्स ने फिल्म के टाइटल के साथ पहला वीडियो भी रिवील कर दिया है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में आलिया भट्ट की आवाज सुनाई दे रही है। अल्फा का पहला वीडियो आते ही सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो गया। वाईआरएफ ने ये कदम समाज में उस गलतफहमी को तोडने के लिए उठाया है कि केवल पुरुष ही अल्फा हो सकते हैं। फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ देश के दुश्मनों से भिड़ती नजर आएंगी।

स्पाई यूनिवर्स मूवी टाइटल अनाउंसमेंट वीडियो में आलिया भट्ट कहती हैं, ग्रीक अल्फाबेट का सबसे पहला अक्षर और हमारे प्रोग्राम का मोट्टो।। सबसे पहले, सबसे तेज़, सबसे वीर। ध्यान से देखो तो हर शहर में एक जंगल है और जंगल में हमेशा राज करेगा अल्फा। आदित्य चोपड़ा वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड फिल्म को एक्शन से भरपूर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अल्फा का निर्देशन शिव रावल कर रहे हैं, जिन्होंने ब्लॉकबस्टर ग्लोबल स्ट्रीमिंग सीरीज द रेलवे मेन का भी निर्देशन किया था, जिसे यशराज फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया था। प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स आज भारतीय सिनेमा का सबसे बड़ा आईपी बन गया है। इस स्पाई यूनिवर्स की सभी फिल्में - एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, टाइगर 3 ब्लॉकबस्टर साबित हुई है।

आलिया-शरवरी की अल्फा आदित्य चोपड़ा की अगली बड़ी पेशकश है, जो इस समय वॉर 2 भी बना रहे हैं, जिसमें ऋतिक रोशन और एनटीआर जूनियर लीड रोल में हैं। इस फेमस ब्लॉकबस्टर यूनिवर्स की अगली फिल्म पठान 2 होगी, जिसके बाद टाइगर बनाम पठान आएगी।

# जाह्नवी कपूर की फिल्म उलझ की नई तारीख का हुआ ऐलान

मई की आखिर में जाह्नवी कपूर की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही रिलीज हुई थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी, लेकिन दर्शकों को एक्ट्रेस की एक्टिंग काफी पसंद आई थी। इसे देखने के बाद अब जाह्नवी के फैंस उनकी अगली फिल्म उलझ का इंतजार कर रहे हैं।



ऐसे में मेकर्स ने भी फैंस का यह इंतजार अब खत्म कर दिया है और एक मोशन पोस्टर शेयर करते हुए उलझ की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। चलिए जानते हैं यह मूवी कब दस्तक देने वाली है।

जाह्नवी कपूर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया है। इसमें फिल्म का टाइटल और उससे जुड़ी जानकारी देखने को मिल रही है। इसे शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा है कि उलझ अब 2 अगस्त को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। जल्द ही पॉपकॉर्न के साथ मिलते हैं।

इस मूवी में एक्ट्रेस इंडियन फारेस्ट ऑफिसर यानी आईएफएस का किरदार निभाने वाली हैं। फिल्म की कहानी देशभक्ति पर आधारित होगी। इसमें उनके साथ गुलशन देवैया, राजेश तैलंग, रोशन मैथ्यू, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी समेत कई स्टार्स दिखाई देने वाले हैं।

फैंस भी अब इसकी रिलीज डेट जानकर खुश हो गए हैं और एक्ट्रेस की इस मूवी को देखने के लिए एक्साइटमेंट दिखा रहे हैं।

अगस्त की शुरुआत में एक तरफ जहां जाह्नवी कपूर की उलझ आने वाली है। वहीं 15 अगस्त को एक साथ 3 फिल्में रिलीज होंगी।

जॉन अब्राहम की वेदा, अक्षय कुमार और तापसी पन्नू स्टारर खेल खेल में और श्रद्धा कपूर की स्त्री 2। ऐसे में जाह्नवी की इस फिल्म को इन फिल्मों से कड़ी टक्कर मिलने वाली है।

# प्रभु देवा और वेधिका स्टारर पेट्टा रैप का टीज़र रिलीज़

अभिनेता विजय सेतुपति ने आगामी फिल्म पेट्टा रैप का पहला आधिकारिक टीज़र जारी किया, तो उत्साह चरम पर पहुँच गया। इस फिल्म में प्रभु देवा और वेधिका मुख्य भूमिकाओं में हैं। विजय सेतुपति द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किया गया यह टीज़र इस संगीतमय असाधारण फिल्म के लिए एक आशाजनक शुरुआत दर्शाता है। अपने कैप्शन में, विजय सेतुपति ने पेट्टा रैप का टीज़र पेश करने पर अपनी खुशी व्यक्त की और पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएँ दीं।

पेट्टा रैप 1990 के दशक के प्रभु देवा के प्रतिष्ठित हिट नंबरों में से एक से प्रेरित है, जो एक जीवंत कथा के लिए मंच तैयार करता है। फिल्म में, प्रभु देवा एक महत्वाकांक्षी अभिनेता की भूमिका निभाते हैं, जबकि वेधिका एक संगीत बैंड का नेतृत्व करती है, जो एक आकर्षक कहानी का वादा करती है जो उनके जुनून और महत्वाकांक्षाओं को जोड़ती है।

इस फिल्म में विवेक प्रसन्ना, भगवती पेरुमल, रमेश थिलक, माइम गोबी, रियाज़ खान और कलाभवन शाजोन सहित प्रतिभाशाली कलाकारों की टुकड़ी है, जो कथा कैनवास में गहराई जोड़ती है।

डी इम्मान का संगीत स्कोर और जीतू दामोदर की सिनेमैटोग्राफी फिल्म के सौंदर्य आकर्षण को बढ़ाने के लिए तैयार है, जो दर्शकों के लिए एक दृश्य और श्रवण का वादा करती है। पेट्टा रैप के ईर्द-गिर्द उत्सुकता बढ़ने के साथ, प्रशंसक प्रभु देवा, वेधिका और पर्दे के पीछे के प्रतिभाशाली क्रू के बीच इस रोमांचक सहयोग की आगे की अपडेट और झलकियों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पेट्टा रैप संगीत, ड्रामा और मनोरंजन के अपने अनूठे मिश्रण के साथ अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार है, इसलिए देखते रहिए।

# आमना शरीफ ने मिनी स्कर्ट में शेयर की फोटोज

टीवी एक्ट्रेस आमना शरीफआए दिन अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंस्टाग्राम पर आते ही फैंस के बीच तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश अवतार देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं।



आमना शरीफ ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका गॉर्जियस लुक देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। एक्ट्रेस आमना शरीफने अपनी इन फोटोज को क्लिक करवाते हुए पिंक कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई हैए जिसमें वो काफी ज्यादा स्टनिंग लग रहे हैं।

आमना शरीफ जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक की तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाई हील्सए हाथों में छोटा सा बेगए ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस आमना शरीफ ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। आमना शरीफ आए दिन अपने नए-नए लुक्स की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। उनका हर एक स्टाइल लोगों के बीच शेयर होते ही ट्रेंड करने लगता है। इन फेटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस आमना शरीफ स्विमिंग पूल के पास खड़े होकर एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस आमना शरीफ के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो आखिरी बार वेब सीरीज आधा इश्क में नजर आई थीं। इस सीरीज में उन्हें मां के रोल में देखा गया था।

# सरकार की पहली प्राथमिकता जनगणना

अजीत द्विवेदी

नई लोकसभा का पहला सत्र संपन्न हो गया है और अब सरकार मानसून सत्र की तैयारी कर रही है, जिसमें वित्त वर्ष 2०24-25 का बजट पेश किया जाएगा। तीन जुलाई को खत्म हुए संसद सत्र में जनगणना को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। सवाल है कि 23 जुलाई को आने वाले बजट में क्या सरकार जनगणना की घोषणा करेगी और उसके लिए जरूरी धन का आवंटन करेगी? कायदे से यह भारत सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए कि जनगणना कराई जाए। हर 1० साल पर होने वाली जनगणना आखिरी बार 2०11 में हुई थी। अभी तक सरकार उसी के आंकड़ों के आधार पर जन कल्याण की योजनाएं बना रही है। सब कुछ अनुमान के आधार पर हो रहा है, जिससे करोड़ों लोगों को सरकार की योजनाओं के दायरे से बाहर छूट जाने की आशंका है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक लोक कल्याण की योजनाओं को पहुंचाने और प्रभावी नीति निर्धारण के लिए जरूरी है कि जनगणना हो।

ध्यान रखने की जरुरत है कि जनगणना होते ही उसके आंकड़े नहीं मिल जाते हैं। अंतिम आंकड़े आने में बहुत समय लगता है। अगर अभी जनगणना होगी और डिजिटल तरीके से होगी, जिसकी संभावना जताई जा रही है तब भी कम से कम दो साल लगेंगे अंतिम आंकड़े आने में। अगर जनगणना डिजिटल नहीं होती तो अंतिम आंकड़े आने में तीन से चार साल का समय लगता। सो, अगर अब भी प्राथमिकता के आधार पर जनगणना होती है तो 2०26 से पहले अंतिम आंकड़े नहीं मिल पाएंगे। इससे ज्यादा समय भी लग सकता है। तभी यह आशंका भी जताई जा रही है कि सरकार जनगणना को टाल सकती है। क्योंकि 2०24 में अगले तीन चार महीने में चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हैं। इस वजह से साल के अंत में ही जनगणना का काम शुरू होगा तो उसके अंतिम आंकड़े 2०27 तक आएंगे। इसके दो साल बाद यानी 2०29 से 2०31 की जनगणना का काम शुरू करना होगा। ऐसे में अभी जनगणना टाली जा सकती है और कुछ अन्य सर्वेक्षणों व पुराने आंकड़ों के आधार पर तब तक काम चलाया जा सकता है।

लेकिन सवाल है कि सरकार ऐसा कैसे कर सकती है? नरेंद्र मोदी सरकार ने महिला आरक्षण के लिए नारी शक्ति वंदन का जो कानून पास किया है उसमें कहा गया है कि परिसीमन के बाद इसे लागू किया जाएगा। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने परिसीमन को लेकर जो संशोधन किया था उसके मुताबिक 2०26 तक परिसीमन पर रोक है और उसमें कहा गया है कि उसके बाद होने वाली जनगणना के आधार पर ही परिसीमन किया जाएगा। तभी संभव है कि केंद्र सरकार इसे 2०26 के बाद ही कराए या ऐसी टाइमलाइन बना कर कराए कि आंकड़े 2०26 के बाद आएं और उसके आधार पर परिसीमन हो और 2०29 से महिला आरक्षण भी लागू हो और एक साथ चुनाव का नियम भी लागू हो।

बहरहाल, जनगणना का क्या होगा, यह सरकार जाने लेकिन इसकी तत्काल जरुरत से इनकार नहीं किया जा सकता है। गौरतलब है कि भारत सरकार ने 2०19 में जनगणना की अधिसचूना जारी कर दी थी और 2०2० में पहले चरण में मकानों के सर्वे का काम शुरू होने वाला था। लेकिन उसी समय कोरोना की महामारी फैल गई, जिसकी वजह से पहले चरण का काम भी नहीं हो पाया। हालांकि कोरोना की महामारी खत्म हुए भी दो साल से ज्यादा हो गए हैं। कोरोना की दूसरी और बेहद घातक लहर 2०21 के जुलाई तक खत्म हो गई थी। उसके बाद 2०22 के शुरू तक देश के ज्यादातर लोगों को वैक्सीन की कम से कम एक डोज लग चुकी थी। इसके बावजूद जनगणना का काम नहीं शुरू किया गया। तभी सरकार की मंशा पर सवाल भी उठ रहे हैं। अगर सरकार चाहती तो अब तक जनगणना हो चुकी होती और अगले कुछ दिन में प्रारंभिक आंकड़े मिल जाते।

बहरहाल, इस पर गंभीरता से विचार करने की जरुरत है। क्योंकि नजगणना के आंकड़ों के बगैर प्रभावी नीति निर्धारण संभव नहीं है और न समाज के वंचित व पिछड़े तबके तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा सकना संभव है। यह भी ध्यान रखने की जरुरत है कि जनगणना सिर्फ नागरिकों की संख्या गिनने का जरिया नहीं है। नागरिकों की संख्या का मोटा मोटी अनुमान तो सबको है। सब जान रहे हैं कि भारत की आबादी 142 करोड़ के करीब पहुंच गई है।

इस संख्या की पुष्टि भर के लिए जनगणना नहीं होती है। जनगणना एक महती प्रक्रिया है, जिससे ढेरों आंकड़े जुटाए जाते हैं। ये आंकड़े सिर्फ सरकार के काम नहीं आते हैं। प्रशासकों से लेकर नीति निर्धारकों और गैर सरकारी संगठनों से लेकर अर्थशास्त्रियों, वैश्विक संस्थाओं और जनसंख्या के क्षेत्र में काम करने वाले जानकारों को इससे बहुत मदद मिलती है। लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन के साथ साथ स्कूल बनवाने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व अस्पतालों के निर्माण से लेकर बुनियादी ढांचे के निर्माण तक में जनसंख्या के आंकड़ों का इस्तेमाल किया जाता है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को मिलने वाले अनाज के वितरण पर इसका बड़ा असर होता है। पीडीएस सिस्टम पर काम करने वाले अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज का मानना है कि 2०11 के आंकड़ों के आधार पर अभी तक यह काम हो रहा है और इस वजह से 1० करोड़ के करीब लोग इस योजना के लाभ से वंचित हो जाएंगे।

जनगणना से नागरिकों की संख्या का आंकड़ा तो मिलता है कि साथ ही देश की विविधता की भी एक तस्वीर सामने आती है। इससे सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता की वास्तविक जानकारी मिलती है। इससे अलग अलग मानकों पर और अलग अलग पहलुओं से नागरिकों के अध्ययन की सुविधा प्राप्त होती है। केंद्र सरकार जब राज्यों के लिए अनुदान आदि की योजना तैयार करती है या बजट में इनके प्रावधानों का मौका आता है तो जनगणना के आंकड़े ही उसके निर्धारण का आधार बनते हैं। जनगणना से राज्यों के नागरिकों की वास्तविक आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक स्थिति का पता चलता है। राज्यों को उनकी आबादी और उसकी वास्तविक आर्थिक स्थितियों के अनुरूप केंद्र सरकार की मदद मिले, इसके लिए जनगणना के आंकड़े जरूरी होते हैं। 16वें वित्त आयोग का गठन हो गया है, जिसके अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया हैं। वित्त आयोग को केंद्र व राज्यों के बीच राजस्व के वितरण का संतुलित रास्ता सुझाना होता है। जीएसटी की व्यवस्था लागू होने के बाद यह वितरण थोड़ा विवादित हो गया है। जनसंख्या के आंकड़े इसमें अहम भूमिका निभा सकते हैं। संघीय ढांचे के तहत किसी भी राज्य के साथ भेदभाव न हो इसके लिए भी जरूरी है कि जनसंख्या के वास्तविक आंकड़े सामने आएं और राज्यों की आबादी की विविधता और उनकी सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक स्थिति का पता चले।

## सू- दोकू क्र.145

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 144 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

# एलएसी पर निरस्त्रीकरण आवश्यक

कजाखिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद के शिखर सम्मेलन में भारत ने दृढ़ता के साथ एक बार फिर चीन को स्पष्ट कर दिया कि दोनों देशों के बीच स्थायी शांति के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर निरस्त्रीकरण आवश्यक है।

पिछले पांच वर्षों से एलएसी पर दोनों देशों के बीच गतिरोध बना हुआ है। इस बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच करीब एक घंटे बातचीत हुई।

विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष के साथ बातचीत में इस बात पर जोर दिया कि लद्दाख में टकराव के स्थल से सेना को पीछे हटाया जाए जिससे द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने में आसानी होगी। पूर्वी लद्दाख में 2०2० में चीनी सैनिकों की घुसपैठ और उसके बाद भारतीय सैनिकों के साथ हुई झड़पों के कारण एलएसी पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। जाहिर है कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। जयशंकर और वांग यी की बातचीत के बाद दोनों देशों की ओर से कहा गया कि वे लद्दाख की गलबान घाटी में सेनाओं की तैनाती की वापसी और द्विपीय संबंध सामान्य बनाने की दिशा में आने वाले गतिरोधों को दूर करने का प्रयास करेंगे। हालांकि यह समस्या बहुत छोटा करके देखने जैसे होगा कि दोनों देशों के विदेश मंत्री एक घंटे की बातचीत में कोई ऐसा चमत्कार कर देंगे कि सभी गतिरोध चुटकी बजाकर दूर हो जाएं। फिर भी इन दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात का विशेष महत्त्व है। जयशंकर और विशेषकर वांग यी ने यह तो स्वीकार किया ही है कि वर्तमान में दोनों देशों के बीच टकराव और तनाव की स्थिति नई दिल्ली और बीजिंग, दोनों के हित में नहीं है। पूर्वी लद्दाख में स्थित गलवान घाटी में चीन के दुस्साहस के कारण भारत की विदेश नीति में बड़ा बदलाव आया है। भारत अब चीन की धौंसपट्टी को नजरअंदाज कर हिन्द प्रशांत क्षेत्र में चीन विरोधी रणनीति में शामिल है। लेकिन वह चीन विरोधी सैन्य संगठन में शामिल होने के लिए तैयार नहीं है। इतना जरूर है कि यदि चीन लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में कोई नई सैनिक कार्रवाई करता है तो भारत इसका मुकाबला करने के लिए पश्चिमी देशों के साथ जुड़ सकता है। आशावादी दृष्टिकोण यही कहता है कि यदि चीन का शीर्ष नेतृत्व बुद्धिमत्ता का परिचय दे तो संबंधों को पटरी पर लाया जा सकता है।( आरएनएस)

# कल्कि 2898 एडी का बॉक्स ऑफिस पर दबदबा

प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दीपिका पादुकोण जैसे बड़े स्टार्स से सजी कल्कि फिल्म के आगे कोई भी फिल्म अपना भौकाल कायम नहीं कर पा रही है. ऐसी उम्मीद थी कि कमल हासन की इंडियन 2 के आगे कल्कि अपने घुटने टेक देगी और इसके बाद फिल्म की कमाई में ज्यादा असर नहीं रह जाएगा. लेकिन अब कमल हासन का दाव उल्टा पड़ता नजर आ रहा है. फिल्म की कमाई के ताजा आंकड़े आ गए हैं और ढाई हफ्ता बीतने के बाद भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन कर रही है. इसकी वीकेंड में तो कमाई काफी अच्छी जा रही है. फिल्म की कमाई के ताजा आंकड़े की बात करें तो इसने रिलीज के पहले हफ्ते में 414.85 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया था. इसके बाद दूसरे हफ्ते में भी फिल्म ने अपने कलेक्शन को बरकरार रखा और अच्छी पेस के साथ 128.5० करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया. आमतौर पर इसके बाद कई सारी फिल्में ऐसी होती हैं जिनकी सांसे फूलने लग जाती हैं और फिल्म का अच्छा कलेक्शन कर पाना मुश्किल होता चला जाता है. लेकिन इस फिल्म के साथ ऐसा देखने को नहीं मिल रहा है. फिल्म का जादू देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर में देखने को मिल रहा है. इसके अलावा फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन भी 1००० करोड़ से ज्यादा का हो चुका है. ऐसा कीर्तिमान हासिल करने वाली ये प्रभास की दूसरी फिल्म है.

## बॉक्स ऑफिस पर किल की कमाई जारी

लक्ष्य लालवानी ने फिल्म किल से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में बतौर एक्टर डेब्यू किया है। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से सराहना मिली है। 5 जुलाई को फिल्म किल रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों और समीक्षकों से सकरात्मक प्रतिक्रिया मिली। यही वजह है कि कल्कि की आंधी में भी यह सिनेमाघरों में डटी हुई है और टिकट खिडक़ी पर ठीक-ठाक कमाई कर रही है।1 करोड़ 25 लाख रुपये से इसने अपना खाता खोला था और रिलीज के 7वें दिन फिल्म ने 1 करोड़ 15 लाख रुपये की कमाई की। इसी के साथ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर यह 11 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है। जबकि वर्ल्डवाइड कमाई 2० करोड़ तक जा पहुंची है. हालांकि फिल्म का बजट 1० से 2० करोड़ के बीच बताया जा रहा है, जिसके चलते फिल्म ने केवल 7 दिनों में यह कमाई हासिल कर ली है. जबकि पहले वीकेंड कितना कमाती है इस पर लोगों का ध्यान जरुर जाने वाला है. किल के प्रदर्शन पर कल्कि 2898 एडी का असर देखने को मिल रहा है। कल्कि अब भी कहीं ना कहीं हिंदी दर्शकों के लिए पहली पसंद बनी हुई है। इसके चलते किल की कमाई प्रभावित हो रही है।

धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी किल से लक्ष्य लालवानी ने बॉलीवुड में कदम रखा है, जबकि राघव जुयाल एबीसीडी जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बना चुके हैं। हालांकि इस फिल्म में वह विलेन के किरदार में ध्यान खींच रहे हैंफिल्म में लक्ष्य से कहीं ज्यादा राघव की तारीफ हो रही है। उनकी खलनायकी पर्दे पर छा गई है।



राजपुर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे मंगलोर सीट से विधायक काजी निजामुद्दीन और बद्रीनाथ सीट से विधायक लखपत बुटोला का कांग्रेस मुख्यालय में किया गया भव्य स्वागत ।

# चार साल से युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाले के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। चार साल से युवती के साथ छेडछाड करने वाले के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शंकरपुर निवासी युवती ने सहसपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गांव का ही रहने वाला मोनू मौर्य पिछले चार साल से उसके साथ छेडखानी कर रहा है और आते जाते उसका पीछा कर उसको परेशान कर रहा है। जब उसने उसका विरोध किया तो उसने उसके साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# चरस के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चरस के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेलाकुई थाना पुलिस ने तिलवाडी रोड पर एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 134 ग्राम चरस बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम बबलू पुत्र सामनसदा निवासी सुंदरवन माण्डूवाला रोड भाऊवाला बताया।

# पांच वाहनों से हाईब्रिड बैटरी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने पांच वाहनों से हाईब्रिड बैटरियां चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मोगी कैम्प्टी निवासी अजीत सिंह ने मसूरी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपना वाहन सांझा दरबार के बाहर खडा किया था लेकिन जब वह वापस आया तो उसने देखा कि उसके वाहन का शीशा तोडकर उसमें से हाईब्रिड बैटरी गायब थी। इसी दौरान थत्यूड निवासी शांति कुमार, श्रीकोट कैम्प्टी निवासी नितिन सिंह, थत्यूड निवासी सूरज बिष्ट व चम्बा निवासी देव सिंह भण्डारी के वाहनों से भी चोरों ने हाईब्रिड बैटरियां चोरी कर ली।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर महिला की मौत

संवाददाता

देहरादून। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर महिला की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बडकोट निवासी सार्थक भटट ने रानीपोखरी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी मां घर के पास ही टहल रही थी तभी अज्ञात वाहन ने उनको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी। जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी।

## दिल्ली के 3 चेन लुटेरे सरगना सहित...

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

था जिसके बाद कलियर होटल में रूक गये आज हम हरिद्वार से स्नैचिंग की हुई चेनों व चोरी की बाइकों को लेकर दिल्ली जाने की फिराक में थे। दिल्ली जाने से पहले हरिद्वार में और भी चैन स्नैचिंग की वारदातो को अंजाम देकर दिल्ली निकला चाहते थे लेकिन हम पकड़े गये। गिरफ्तार हुए दो अन्य बदमाशों के नाम जतिन पुत्र दलीप शर्मा निवासी फ्लैट नम्बर 58 गली नम्बर 81 महाबीर एन्कलेव पार्ट 3 बिंदापुर थाना डाबरी दिल्ली व कलमा उर्फ नबाब उर्फ कलाम हुसैन उर्फ सद्दाम उर्फ मो. सलीम उर्फ कुद्दू उर्फ सलीम मोहम्मद पुत्र सलीम हुसैन निवासी डी.डी.ओ. प्लाट नम्बर 172 सी.ब्लाक बिंदापुर दिल्ली बताये गये है।

# शिक्षा मंत्री आवास पर प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई कार्यकर्ता गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। अपनी चार सूत्री मांगों को लकर शिक्षा मंत्री आवास के पास प्रदर्शन कर रहे दो दर्जन एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

आज यहां अपने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत एनएसयूआई कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी के नेतृत्व में यमुना कालोनी के पास एकत्रित हुए जहां से उन्होंने शिक्षा मंत्री धनसिंह रावत के आवास के लिए कूच किया। जहां पर पुलिस ने बैरकेडिंग लगाकर उनको रोक दिया। इस दौरान पुलिस व एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोंक झोंक हुई। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की मांग थी कि एनटीए को बैन किया जाये तथा देहरादून में एक सरकारी विश्वविद्यालय खोला जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा का बाजारीकरण बन्द किया जाये तथा प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में शिक्षकों की पूर्ति हो। उन्होंने कहा कि उनकी यह मांगे शीघ्र पूरी नहीं हुई तो एनएसयूआई प्रदेश भर में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। प्रदर्शन के पश्चात पुलिस ने दो दर्जन एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें साय को छोड दिया गया।




# मकान का ताला तोड एलसीडी, जेवरात व नगदी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान का ताला तोडकर वहां से एलसीडी, जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भरत विहार निवासी दिवाकर रावत ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार के साथ बाजार गया था।

जब वह वापस आया तो उसने देखा कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उसके यहां से एलसीडी, एक बैग जिसमें जेवरात थे तथा पांच हजार रूपये की नगदी चोरी करके ले गये।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# 20 पेटी अंग्रेजी शराब सहित हरियाणा का तस्कर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

पौड़ी। हरियाणा से तस्करी कर लायी जा रही 20 पेटी अंग्रेजी शराब सहित पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से तस्करी में प्रयुक्त कार भी बरामद की गयी है।



जानकारी के अनुसार बीते रोज कोतवाली लैन्सडाउन पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कोई शराब तस्कर भारी मात्रा में शराब की डिलीवरी हेतू आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को गुमखाल द्वारीखाल के बीच मुख्य मार्ग पर एक संदिग्ध स्विफ्ट कार आती हुई दिखायी दी। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो कार चालक कार छोड़कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। कार की तलाशी के दौरान उसमें रखी 20 पेटी चंडीगढ़ मार्का शराब बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम मनोज कुमार (उम्र 32 वर्ष) पुत्र राम सिंह निवासी नये बस स्टैण्ड के पीछे, होली हार्ट सीनियर सैकेन्डरी स्कूल, विजयनगर थाना सिविल लाईनस जिला जींद हरियाणा बताया। पुलिस ने जब कार का नम्बर चैक किया तो वह भी फर्जी पाया गया। जिस पर पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम व धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया है।

# परिचय पत्र देने की मांग को लेकर लघु व्यापारी नगर आयुक्त से मिले

संवाददाता

हरिद्वार। रेडी पटरी के लघु व्यापारियों ने परिचय पत्र देने की मांग को लेकर नगर आयुक्त से मुलाकात की।

उत्तराखंड प्रदेश भर के रेड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स लघु व्यापारियों को व्यवस्थित व स्थापित किए जाने के साथ राज्य के सभी नगर निकायों को प्रमाण पत्र लाइसेंस व परिचय पत्र मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा निर्देशित किए जाने से उत्साहित रेड़ी पटरी के लघु व्यापारियों ने प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा की अगवाई में नगर आयुक्त वरुण चौधरी से मुलाकात कर कावड़ मेले से पूर्व उत्तराखंड हरिद्वार के स्थानीय रेड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को नगर निगम प्रशासन द्वारा पंजीकरण कर परिचय पत्र दिए जाने के साथ मेला कंट्रोल रूम के आसपास रोड़ी बेल वाला अलकनंदा घाट, विष्णु घाट, बेल वाला समस्त मेला क्षेत्र से हटाए गए रेड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को कावड़ मेले की तर्ज पर अलग से रेड़ी पटरी बाजार वेंडिंग जोन के रूप में स्थापित किए जाने की मांग प्रमुखता से दोहराई। इस अवसर पर नगर आयुक्त वरुण चौधरी ने कहा नगर निगम प्रशासन द्वारा सरकार के निर्देश में रेड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स लघु व्यापारियों का चिन्हितकरण किया जा रहा है। पूर्व में वर्ष 2018 के नगर निगम में पंजीकरण रेड़ी पटरी के स्थित वेंडर्स लघु व्यापारियों की सत्यापन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है शीघ्र ही नगर निगम की ओर से रेड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स लघु व्यापारियों को लाइसेंस व परिचय पत्र मुहिया कराए जाएंगे।




उन्होंने कहा की कावड़ मेले के दौरान मेला क्षेत्र में रेड़ी पटरी के लघु व्यापारी अपना कारोबार संचालित कर सकें इसके लिए सहायक नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया है कि शीघ्र ही कावड़ मेल को ध्यान में रखते हुए यातायात बाधित न हो पुलिस प्रशासन जिला प्रशासन के प्रतिनिधियों को सम्मिलित कर अलग से रेड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स लघु व्यापारियों को सरकार के संरक्षण में मेला क्षेत्र में अलग से बाजार बनाकर वेंडिंग जोन के रूप में व्यवस्थित वे व्यवस्थापित किया जाएगा।

## एक नजर

# मानसून के बाद सड़कों को बनाये गड्ढा मुक्तः धामी

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि मानसून के बाद सडकों को गडढा मुक्त बनाया जाये।

आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिये कि मानसून के बाद एक माह में प्रदेश के सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि मानसून अवधि के बाद सभी निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाय। कार्यों में तेजी के साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। आगामी कांवड़ मेले के दृष्टिगत सुरक्षात्मक रूप से सभी तैयारियां पूर्ण करने के साथ ही सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य सबंधी सभी सुविधाएं बेहतर रखने और घाटों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि पर्वतीय क्षेत्रों में धारण क्षमता के अनुसार ही निर्माण कार्य किए जाएं।



पर्यटन स्थलों पर पार्किंग व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए रिक्त स्थानों को चिन्हित कर पर्याप्त पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन सरकारी गेस्ट हॉउस की स्थिति सही नहीं है, उनकी सही तरीके से मेंटेनेंस कराई जाए। अतिथि गृह में ठहरने वालों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाय। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जीएसटी कलेक्शन बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य में किसी तरह की जीएसटी चोरी न हो। जरूरत पड़ने पर इसके लिए अभियान चलाया जाए। जीएसटी पंजीकरण के लिए व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े लोगों को जागरूक किया जाए। डिजिटल पेंमेंट को बढ़ावा देने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, विनय शंकर पाण्डेय, एडीजीपी ए.पी अंशुमन एवं आईजी कृष्ण कुमार वी.के उपस्थित थे।



# चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतरे!

लखनऊ। चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही एक्सप्रेस ट्रेन गोरखपुर पहुंचने से पहले यूपी के गोंडा जिले में हादसे का शिकार हो गई, इस दौरान ट्रेन केडिब्बे पटरी से उतर गए। यह दुर्घटना गोंडा-मानकपुर सेक्शन में हुई, समाचार लिखे जाने तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

मिली जानकारी के अनुसार डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस पटरी से उतर गई। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रेन के 10 से 12 डिब्बे पटरी से उतरे हैं। डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस का एसी कोच बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। यह हादसा गोंडा के पास झिलाही रेलवे स्टेशन के पास हुआ। ट्रेन के पटरी से उतरते ही यात्रियों में हड़कंप मच गया। लोग डर के मारे चीखने-चिल्लाने लगे और ट्रेन के रुकते ही जल्दी से बाहर भागने लगे। हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। रेलवे विभाग ने घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने राहत-कार्य के निर्देश दिए। अब मौके पर आला अधिकारी भी पहुंच गए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले को ध्यान में रखते हुए गोंडा जिले के आला-अधिकारी को निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आप लोग मौके पर पहुंचे और जैसे भी राहत कार्य को अंजाम दें, इसके साथ घायलों का उपचार भी करवाएं। ट्रेन संख्या 15904 चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के कुछ डिब्बे उत्तर प्रदेश के गोंडा में पलट गए । हादसा गोंडा और झिलाही के बीच पिकौरा के पास हुआ। मौके पर बचाव दल भेजा गया है।

# बड़े नेताओं ने नहीं किया अपेक्षित सहयोग

## ●पीएल पुनिया को कार्यकर्ताओं ने बताये हार के कारण

विशेष संवाददाता

देहरादून। लोकसभा चुनाव में एक बार फिर सभी पांचो सीटों पर कांग्रेस को क्यों करारी हार का मुंह देखना पड़ा? इसके कारण तलाशने और चुनावी नतीजो की समीक्षा करने के लिए कंद्रीय ऑब्जर्वर के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पीएल पुनिया अपने तीन दिवसीय दौरे पर देहरादून आए हुए हैं, जहां उन्होंने आज पार्टी के तमाम पदाधिकारियों और नेताओं के साथ बातचीत की।

उन्होंने कहा कि पार्टी को उस तरह के नतीजों की कतई भी उम्मीद नहीं थी जिस तरह के नतीजे आए। हार के पीछे क्या अहम कारण रहे इसे जानना जरूरी है। जिससे भविष्य में उस तरह की खामियों को दूर किया जा सके। आज उनके द्वारा नैनीताल और अल्मोड़ा संसदीय सीटों की समीक्षा की गई।

इस दौरान पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा उनके सामने खुलकर अपनी बात रखी गई। प्रदेश के नेताओं के आपसी मतभेद और कार्यकर्ताओं की एकजुटता के अभाव के अलावा पार्टी के



### ❑नेताओं व कार्यकर्ताओं में एक जुटता का अभाव, टूटे हुए मनोबल के साथ जीत संभव नहीं

बड़े नेताओं के असहयोग की शिकायतें भी इस दौरान सामने आई। कार्यकर्ताओं ने अपनी बात उनके सामने रखते हुए कहा कि हारे मन के साथ कोई भी सेना कोई मैदान नहीं जीत सकती है। पार्टी के बड़े नेताओं ने प्रचार में जिस तरह की उदासीनता दिखाई और वह कुछ खास क्षेत्रों तक ही सीमित रहे इसका असर भी चुनाव परिणामों में पर पड़ा।

उल्लेखनीय है कि बड़े नेताओं ने टिकट बंटवारे से पहले ही चुनाव न लड़ने का ऐलान कर दिया था ऐसी स्थिति में पार्टी के पुराने या कमजोर प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारना पड़ा। अल्मोड़ा सीट पर भाजपा के अजय टम्टा के मुकाबले प्रदीप टम्टा को तथा नैनीताल सीट पर भाजपा के अजय भट्ट के मुकाबले प्रकाश जोशी को चुनाव मैदान में उतरा गया था, जो चार और तीन लाख से अधिक के मतांतर से हार गए। अगर सही और जिताऊ प्रत्याशी मैदान में होते तो यह हार इतनी बड़ी हार नहीं हो सकती थी। पीएल पुनिया तीन दिवसीय दौरे पर यहां आए हैं तथा वह सभी सीटों पर हार की समीक्षा करेंगे। जिसके बाद क्या निष्कर्ष आता है पता चल सकेगा। इस अवसर पर यशपाल आर्य ने कहा कि हार की समीक्षा जरूरी है। लगातार हार के पीछे क्या कारण है सामने आने चाहिए।

# विक्रम की चपेट में आकर दुपहिया वाहन चालक की मौत

संवाददाता

देहरादून। विक्रम की चपेट में आकर दुपहिया वाहन चालक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिपुर कला निवासी कुलदीप रावत अपने मित्र पंकज कुकरेती के साथ अपने दुपहिया वाहन से बाजार से घर की तरफ जा रहा था। जब वह रायवाला चौक के पास पहुंचा तभी सामने से आ रहे विक्रम चालक ने तेजी व लापरवाही से विक्रम चलाते हुए उसके दुपहिया वाहन को टक्कर मार दी। जिससे कुलदीप रावत व पंकज गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिनको स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां पर उपचार के दौरान कुलदीप की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# दरवाजे की जाली काटकर लैपटॉप व मोबाइल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दरवाजे की जाली काटकर वहां से लैपटाप व दो मोबाइल चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जौलीग्रांट निवासी रमन लाल ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि चोरों ने उसके मकान के दरवाजे की जाली काटकर वहां से लैपटाप व दो मोबाइल चोरी कर लिये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# नेपाल से भटक कर भारत आयी 2 नाबालिगों को किया नेपाल पुलिस के सुपुर्द



हमारे संवाददाता

चम्पावत। नेपाल से भटक कर भारत आयी दो नाबालिगों को पुलिस ने 'नेपाल श्री-एंजिल्स संस्था व गड्डा चौकी नेपाल पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया है। पुलिस के इस कार्य की स्थानीय लोगों द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज थाना बनबसा पुलिस को सूचना मिल कि 2 नाबालिग लड़कियां काफी समय से शारदा बैराज के आसपास घूम रही हैं जो काफी परेशान नजर आ रही हैं। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने चौकी शारदा बैराज में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए गए तो दोनो लड़कियां चौकी क्षेत्र में घूमती हुई नजर आई। जिन्हें शारदा चौकी पुलिस द्वारा सकुशल बरामद कर चौकी शारदा बैराज लाया। दोनों बालिकाओं से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया कि वह नेपाल राष्ट्र के बॉर्डर क्षेत्र गांव चांदनी दुधारा की रहने वाली हैं। दोनों की उम्र लगभग 15 वर्ष के आसपास है। आज गलती से पहली बार भारत राष्ट्र में आ गई थी और रास्ता भूल गई थी। इस पर चौकी शारदा बैराज पुलिस द्वारा उक्त दोनो बालिकाओं को सकुशल घर उनके घर पहुंचाये जाने हेतु नेपाल राष्ट्र में सक्रिय संस्था श्री-एंजिल्स से एवं गड्डा चौकी नेपाल पुलिस से संपर्क किया गया। कुछ समय बाद उक्त संस्था के सदस्य व नेपाल पुलिस के द्वारा चौकी शारदा बैराज उपस्थित आने पर दोनों नाबालिक बालिकाओं को पूर्ण तस्दीक के उपरान्त 'नेपाल श्री-एंजिल्स संस्था व गड्डा चौकी नेपाल पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

# डम्पर की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार की मौत

संवाददाता

देहरादून। डम्पर की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धूलकोट माफी निवासी अनिल असवाल अपनी मोटरसाईकिल से सहसपुर से घर की तरफ आ रहा था जब वह राजावाला तिराहे के पास पहुंचा तभी सामने से आ रहे डम्पर ने उसको अपनी चपेट में ले लिया। जिसको आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*